पंजाब केसरी 25/01/2024

राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य लड़कियों के खिलाफ भेदभाव वाली लैंगिक रूढ़िवादिता को चुनौती देना : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 24 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज ने बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में एन.सी.सी. गर्ल्स विंग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। डा. रवनीत द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा चार्ट भी बनाए गए।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कैडेट्स को बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाने का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और लड़कियों के खिलाफ भेदभाव करने वाली लैंगिक रूढ़िवादिता को चुनौती देना है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बनाए चार्ट प्रदर्शित करतीं एन.सी.सी. कैडेट्स। (देवदत्त)

सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य लड़कियों को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए आवश्यक ज्ञान, उपकरण और अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में 46 कैडेट्स ने भाग लिया।